हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

06 श्रम योगी मानधन व ई-श्रम योजना का व्यापक...



07 मेडिकल कॉलेज के बाद भी लोग स्वास्थ्य...





## नागरिकों का जीवन अनमोल है और सुरक्षित सफर उनकी प्राथमिकता : कलेक्टर

# सड़क सुरक्षा के लिए सड़कों पर उतरे कलेक्टर-एसपी, चौराहों पर ट्रैफिक सुधारने, ब्लैक स्पॉट्स खत्म करने के लिए बनाया 'एक्शन प्लान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शहर की यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर संदीप जीआर और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहवाल ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न संवेदनशील चौराहों और 'ब्लैक स्पॉट्स' का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने के कड़े निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहगुनिया, सेव लाइफ फाउंडेशन से गौतम सिंह, साहिल, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट विभाग के अधिकारी मौजूद थे।



### तकनीकी खामियों को दूर करने पर जोर

निरीक्षण की शुरुआत शहर के प्रमुख मार्गों और चौराहों से हुई। उन्होंने कबूला पुल, गढ़पहरा चौराहा, गढ़पहरा रोड से रानीपुरा ओवर ब्रिज तक का निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री संदीप जीआर ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण , लोक निर्माण विभाग और मध्य प्रदेश सड़क डेवलपमेंट विभाग के इंजीनियरों को निर्देश दिए कि सड़कों की बनावट में मौजूद तकनीकी खामियों को तुरंत दुरुस्त किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कों के मोड़ पर 'विजिबिलिटी' (दृश्यता) बढ़ाने के लिए रिफ्लेक्टर, रेडियम बोर्ड और उचित संकेतक लगाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि रानीपुर में बन रहे बाईपास के ओवर ब्रिज को गढ़पेहरा तिराहे से आगे और जोड़ने के लिए डीपीआर तैयार करें। उन्होंने निर्देश दिये कि तत्काल इस मार्ग पर संकेतक लगाएं और ओवर ब्रिज के 200 मीटर दूर से संकेतक के माध्यम से जानकारी दें और स्पीड ब्रेकर भी बनाएं।

### अतिक्रमण और अवैध पार्किंग पर होगी सख्त कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल ने यातायात प्रबंधन का जायजा लेते हुए कहा कि सड़कों पर यातायात के दबाव को कम करने के लिए अवैध पार्किंग और अतिक्रमण को हटाया जाना अनिवार्य है। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौराहों पर बेतरतीब खड़े होने वाले वाहनों को हटाया जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात भी एसपी ने कही।

### ब्लैक स्पॉट्स का होगा कायाकल्प

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उन विशिष्ट स्थानों (ब्लैक स्पॉट्स) का सूक्ष्मता से विश्लेषण किया जहाँ बार-बार हादसे होते हैं। इन स्थानों पर गति अवरोधक (Speed Breakers): मानक के अनुसार रंबल स्ट्रिप्स और स्पीड ब्रेकर्स का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, हाई-मास्ट लाइटों की स्थापना करने के निर्देश दिए।

### स्मार्ट सिटी सर्विलांस से बढ़ेगी निगरानी

कलेक्टर ने स्मार्ट सिटी के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों का उपयोग अपराध नियंत्रण ही नहीं, बल्कि ट्रैफिक मॉनिटरिंग के लिए भी प्रभावी ढंग से करने के निर्देश दिए। जो वाहन चालक यातायात नियमों जैसे रेड लाइट जंप करना या गलत दिशा में वाहन चलाना करते पाए जाते हैं, उनके खिलाफ सीधे ई-चालान की प्रक्रिया तेज की जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों का जीवन अनमोल है और सुरक्षित सफर उनकी प्राथमिकता है। प्रशासन और पुलिस का यह संयुक्त अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि सागर को 'एक्सीडेंट फ्री' जिला बनाया जा सके।

## खबर संक्षेप



### गढ़ाकोटा देव द्वारकाधीश सराफा मंदिर में पाटोत्सव का हुआ आयोजन

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा स्थित श्री देव द्वारकाधीश सराफा मंदिर में वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ जिसमें भगवान श्रीदेव द्वारकाधीश का महाअभिषेक एवं सहस्त्रार्चन पं श्री चंद्रकांत तिवारी जी द्वारा बड़ी ही विधि-विधान संपन्न किया। साथ ही अभिषेक के बाद पटोत्सव श्रृंगार दर्शन, महाआरती एवं छप्पन भोग का आयोजन किया गया साथ शाम को भजन कीर्तन एवं महाप्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी सहित सोनी समाज के साथ श्रृद्धालुओं उपस्थित रहे। यहां बता दें कि गढाकोटा में श्री देव द्वारकाधीश सराफा मंदिर 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला जी के साथ सोनी समाज के द्वारा मंदिर पुनः निर्माण के बाद श्री देव द्वारकाधीश जी को विराजमान किया गया था । इसी को लेकर प्रतिवर्ष अब 22 जनवरी को वार्षिक उत्सव किया जाता है।



### विविः वाणिज्य विभाग की शोधार्थी अंकिता राजपूत को मिली पीएचडी उपाधि

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के वाणिज्य विभाग की शोधार्थी सुश्री अंकिता राजपूत, पिता पी. एस. राजपूत को पी-एचडी उपाधि प्राप्त हुई है. उन्होंने 'भारतीय बैंकों के विलय से पहले और बाद के मूल्यांकन का विश्लेषणात्मक अध्ययन (चुनिंदा सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के बैंकों के विशेष संदर्भ में) विषय पर शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया है। यह शोध कार्य विभाग के शिक्षक डॉ. गौतम प्रसाद के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डी. के. नेमा, विभाग के सभी शिक्षकों और शोधार्थियों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की।

### स्वास्थ्य कैंप लगाकर छात्रों व शिक्षकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश अनुसार परीक्षा के समय छात्र स्वस्थ रहें खुश रहे दबाव मुक्त रहे उसके परिपालन में आज शाला में देवरी सिटी हॉस्पिटल के वरिष्ट डॉक्टर देवरी गवर्नमेंट हॉस्पिटल के वरिष्ठ डॉक्टर ने स्वास्थ्य का कैंप लगाकर सभी छात्रों व शिक्षकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई ब डॉ. आकाश दुबे व डॉ. अभिनव दिवाकर द्वारा क्रमशः समस्त छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाई उपलब्ध कराई साथ ही पढ़ाई के प्रति परीक्षा में कैसे हमें स्वस्थ रहना है व परीक्षा के समय कैसे सुरक्षित रहें खानपान कैसा रखें इस संबंध में समस्त छात्रों को निर्देश दिए और साथ ही उन्होंने कहा कि यदि किसी भी छात्र को कोई समस्या उत्पन्न होती है तो वह देवरी सिटी हॉस्पिटल जाकर निःशुल्क अपना इलाज करवा सकते है जिसका किसी प्रकार का कोई चार्ज अस्पताल द्वारा नहीं लिया जाएगा देवरी के मुख्य आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ अविनव दिवाकर के द्वारा समस्त छात्रों को आयुर्वेद के संबंध में जानकारी दी गई व स्वस्थ रहने के लिए अपनी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए कुछ विशेष टिप्स दिए जिससे छात्र ,छात्रा बहुत ही उत्साहित रहे एवं सभी छात्रों ने बढ़ चढ़कर स्वास्थ्य परीक्षण में हिस्सा लिया ।





### रहलीः आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन 167 छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

**रहली।** नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 'रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण' शिविर का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिल्पी भार्गव एवं अभिषेक भार्गव उपस्थित रहे। शिविर के दौरान विद्यालय की 167 छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों में दक्ष किया गया। समापन अवसर पर छात्राओं ने केवल मार्शल आर्ट्स का प्रदर्शन ही नहीं किया, बल्कि विभिन्न साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य और नाटिका के जरिए नारी जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, बालिका सुरक्षा, शिक्षा और अनुशासन का प्रभावशाली संदेश दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही, विद्यालय की उन महिला शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने शिक्षण एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान दिया है। मुख्य अतिथि शिल्पी भार्गव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में बालिकाओं का शिक्षित होने के साथ-साथ आत्मरक्षा में निपुण होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय की गतिविधियों और छात्राओं के अनुशासन की खुले मन से सराहना की।शिल्पी भार्गव ने कहा कि शिक्षा और सुरक्षा दिनों जरूरी हे,इससे आत्मविश्वास बढ़ता हे। मैने भी कभी नहीं सोचा था इस मंच पर आने का मौका मिलेगा।उन्होंने कहा भार्गव जी की बहू होना अलग बात हे।वैसे तो इतने मंत्री हे उनकी भी बहुएं हे।लेकिन हर बहु यहां तक आ सके,,घर से निकल कर काम करना भी अलग बात हे।कार्यक्रम को जया/देवराज सोनी, सहायक संचालक स्वाति दुबे, प्राचार्य विजय पचौरी और शिक्षिका साक्षी दुबे ने भी संबोधित किया। वरिष्ठ शिक्षिका रेखा चौरसिया ने शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विशेष सम्मानः कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिवार की ओर से अतिथियों को प्रतीक चिन्ह के रूप में 'कृपाण' भेंट की गई।स्कूल की 167 छात्राओं को आत्मरक्षा की बारीकियां प्रशिक्षक पलक सेन, शीतल प्रजापति, अनामिका दांगी एवं तपस्या रायकवार द्वारा सिखाई गईं।

## गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन की तैयारियों के संबंध में निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी समारोह आयोजन पूर्व की जाने वाली तैयारियों की समीक्षा आज कलेक्टर संदीप जी आर ने की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जवाबदेही सौंपते हुए कहा जिम्मेदारियों का क्रियान्वयन समय सीमा में करना सुनिश्चित करें। जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर अपर कलेक्टर अविनाश रावत में आज समस्त विभागों की विभाग अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर निर्देश दिए। इस अवसर पर ज्वाइंट कलेक्टर राजनंदनी शर्मा ज्वाइंट कलेक्टर श्रीमती आरती यादव एसडीएम श्री अमन मिश्रा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



पुलिस परेड ग्राउण्ड पर की जाने वाली तमाम व्यवस्थाओं के परिपेक्ष्य में बिदुंवार चर्चा की गई साथ ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील, जनपद स्तर, सभी शैक्षणिक संस्थाओं में गणतंत्र दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में सम्मिलित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं परेड की फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी की प्रातः नौ बजे आयोजन स्थल पुलिस परेड ग्राउण्ड पर कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के द्वारा रिहर्सल का जायजा लिया जाएगा।

कलेक्टर संदीप जी आर ने सभी जिलाधिकारी केवल मैदानी अमले के उत्कृष्ट कार्यो को रेखांकित करते हुए पुरस्कार के प्रस्ताव नियत तिथि तक नोडल अधिकारी के पास जमा कराएं। पुरस्कारो की महत्वता उपलब्धियों को रेखांकित करने वाली होनी चाहिए।

जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह कार्यक्रम में विभागों के द्वारा विभागीय योजना, कार्यक्रम और अन्य उपलब्धियों को रेखांकित करने वाले झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। झांकियों के लिए नोड्ल अधिकारी नियुक्त किए गए है। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के एक दिन पूर्व जिले के सभी सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय महत्व की इमारतों पर प्रकाश की व्यवस्था करने के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी किए गए है।

गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का भी आयोजन रविन्द्र भवन में शाम 6 बजे से किया जाएगा। जिसमें सांस्कृतिक विभाग से अनुबंधित व जिले के स्थानीय कलाकारों के द्वारा अपनी कलाओं का प्रदर्शन सांस्कृतिक, देशभक्ति गीतो के माध्यम से किया जाएगा।

पुलिस ग्राउंड मैदान मुख्य कार्यक्रम स्थल पर जनसम्पर्क विभाग एवं अन्य विभाग के द्वारा छाया प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कलेक्टर संदीप जी आर ने सभी विभागों के जिलाधिकारियों को ततसंबंध में निर्देश दिए कि भारत पर्व आयोजन स्थल पर स्वयमेव उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।



### धानक मुनि महाराज की जयंती पर निकाले चल समारोह का सेवादल परिवार ने किया स्वागत

**सागर।** माँ सरस्वती जयंती एवं धानक मुनि जी महाराज की जयंती के उपलक्षय मे चल समारोह का शहर मे आयोजन किया गया। जो मोती नगर से प्रारंभ होकर विजय टाकीज, तीन बत्ती होते हुए चकराघाट पर समाप्त हुआ। चल समारोह जैसे ही शहर के हृदय स्थल तीन बत्ती पर पहुँचा शहर सेवा दल अध्यक्ष सिन्टू कटारे के नेत्रत्व मे भव्य स्वागत किया गया। पुष्प बर्षा की गई और प्रसादी वितरण हुआ। स्वागत कर्ताओं मे संजय चौरसिया, तरुण सैनी राकेश जैन टिंगू, फहीम अंसारी, अन्नू घोषी, लकी पंडा, रवि जैन आदि सेवादल परिवार उपस्थित रहे।



### श्री कृष्ण जन्म पर भक्ति में लीन हुए ग्रामीण

गढ़ाकोटा। सागर जिले के गढाकोटा के उदयपुरा ग्राम में ग्रामवासियों द्वारा श्रीमद् भागवत पुराण कथा का आयोजन किया गया। जिसमे कथा व्यास पं श्री ब्रजेश कृष्ण जी महराज द्वारा कथा रसपान किया जा रहा है कथा का आयोजन उदयपुरा ग्राम के खेर माता मंदिर किया जा रहा है जिसमें सभी ग्रामीणों कि उपस्थित रहती है कथा में श्री कृष्ण जन्म के संबंध पं श्री बृजेश कृष्ण जी बताते हैं कि कैसे कंस के बढ़ते अत्याचार और धर्म के ह्रास के कारण धरती कांपने लगी थी, जिससे भगवान को अवतार लेना पड़ा। मथुरा के कारागार में भाद्रपद मास की अष्टमी तिथि की मध्यरात्रि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होता है। जन्म के समय ही कारागार के द्वार खुल जाते हैं,पहरेदार सो जाते हैं और यमुना नदी भी भगवान के चरणों को स्पर्श करके रास्ता देती है,जिससे वासुदेव कृष्ण को गोकुल ले जा पाते हैं। वासुदेव बाल कृष्ण को यशोदा मैया के पास सुलाकर,उनके नवजात कन्या को लेकर मथुरा लौटते हैं। गोकुल में नंद और यशोदा के घर आनंद का माहौल होता है,जिसे नंदोत्सव कहते हैं। अष्टम शिशु का रहस्यः कंस को जब सूचना मिलती है,तो वह कन्या को मारने आता है,लेकिन वह कन्या आकाश में उड़कर कंस को चेतावनी देती है कि उसका काल (श्रीकृष्ण) सुरक्षित हाथों में है। कथा का सारःचौथा दिन धर्म और अधर्म के संघर्ष, ईश्वर के पृथ्वी पर आने के उद्देश्य और भक्ति, प्रेम व आनंद के महत्व को दर्शाता है, जहाँ भक्त श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाते हुए भक्ति में लीन हो जाते हैं।इस अवसर पर उदयपुरा ग्राम सहित आस पास के बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### विवि में जीसी-एमएस तकनीक पर कार्यशाला का आयोजन

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में, उन्नत अनुसंधान केंद्र (सी.ए.आर.) के द्वारा गैस क्रोमैटोग्राफी मास स्पेक्ट्रोमेट्री ( जी.सी.-एम.एस.) तकनीक पर हैंड्स ऑन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 53 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। सी.ए.आर. की मुख्य समन्वयक, प्रो. श्वेता यादव की पहल पर सी.ए.आर. में उपलब्ध विभिन्न परिष्कृत उपकरणों पर कार्यशालाओं का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। डॉ. विवेक कुमार पांडे (प्रभारी, सी.ए.आर.) ने केंद्र के संक्षिप्त परिचय के साथ सत्र की शुरुआत की और ऐसे कार्यक्रमों के महत्व के बारे में प्रतिभागियों को जानकारी दी।



### बिजली कंपनी में खेल प्रतियोगिताएं जारी, बॉलीबॉल में भंडार विजेता व सी.ऑफिस टीम रही उप विजेता

सागर। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य मे बिजली कंपनी द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिताओ का क्रम लगातार जारी है खेले गए कशमकश एवं लंबे समय तक चले। बॉलीबॉल मैच में क्षेत्रीय भंडार कार्यालय की टीम एक पाइंट से बाजी मारते हुए विजेता बनी एवं मुख्य अभियंता कार्यालय की टीम उपविजेता रही। हिमांशु लारिया मैंच के रेफरी थे एवं जिनेश जैन ने कॉमेन्ट्री के साथ-साथ खिलाडियो का हौसला आफजाई किया। मैच का उद्घाटन फीता काटकर मुख्य अभियंता कार्यालय मे पदस्थ अधीक्षण अभियं शांति परते ने किया। इस अवसर पर प्रतियोगिता प्रभारी कार्यपालन अभियंता वीरेन्द्र परते, सुभाष नागेश्वर, संयज गुप्ता, अवनीश जारोलिया, आर.आर. पाराशर फेडरेशन, के.एल. रैकवार महासंघ, अजय नामदेव,नवीन मालवीय, के.एल. साहू, पवन रावत, आर.के. दरयानी, संजय पराशर, नारायण प्रसाद, रामजी जाटव, विनोद कन्नौजिया, सहित बडी संख्या मे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे कैरम के डबल्स मैच मे संजय पाराशर- संजय गुप्ता से खेलते हुए महेन्द्र जैन-पुरूषोत्तम राय विजयी रहे। श्रम कल्याण केन्द्र मे आयोजित सुई धागा दौंड मे सना वाशिद खान,शिल्या राज एवं रोशनी राजगिर चम्मच दौड मे रजनी विश्वकर्मा, वर्षा राय एवं शिल्पा राज वैक- टू- वैक बेलून दौड मे शिल्पा राज - श्रद्धा मिश्रा, रोशनी राजगिर-शेलजा एवं हिमेश्वरी चिराम/हर्ष चिराम-अश्विनी गुप्ता, संजय गुप्ता कुर्सी दौड में हिमेश्वरी चिराम,सना वाशिद खान बच्चो की दौड में उमान खान, आधीश श्रीवास्तव, रूद्रांश गुप्ता धीर अनिल महौर, समर्थ गुप्ता, अक्षित तरवडे,एवं सुशील कुमार तरवडे सफल प्रतियोगी रहे जिन्हे ''गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026'' को विद्युत मंडल परिसर मकरोनिया सागर में आयोजित ध्वजा रोहण तथा ध्वज वंदना कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अभियंता द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

## क्रिकेट महाकुंभ केवल खेल नहीं युवाओं का उत्सव हैः आकाश सिंह राजपूत

# सुरखी में युवा शक्ति संगठन के क्रिकेट महाकुंभ का भव्य शुभारंभ, पांचों मंडलों में दिखा खिलाड़ियों का जबरदस्त उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

क्रिकेट महाकुंभ केवल खेल नहीं, बल्कि युवाओं का उत्सव है! यह आयोजन युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने, अनुशासन और टीम भावना का विकास करने, और ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक सम्मानजनक मंच प्रदान करने के लिए आयोजित किया जाता है यह बात युवा शक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत ने सुरखी में क्रिकेट महाकुंभ के शुभारंभ के अवसर पर कहीं उन्होंने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित इस महाकुंभ में 500 से अधिक टीमें और हजारों खिलाड़ी शिरकत करते हैं, जो इसे एक विशाल और उत्सवपूर्ण आयोजन बनाता है। यह आयोजन युवा शक्ति संगठन के तत्वावधान में किया जाता है, जिसका उद्देश्य युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करना है। युवा शक्ति संगठन द्वारा आयोजित मंत्री क्रिकेट महाकुंभ का शुभारंभ दिनांक 22 जनवरी को सुरखी मंडल के चक्र मैदान में भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरमन दादा नगर परिषद अध्यक्ष, सत्यनारायण तिवारी, पवन दुबे, कमलेश पांडे, अरुण गौतम, नर्मदा सिंह, ओंकार सिंह, सत्येंद्र सिंह, संदीप ठाकुर, गोविंद सिंह (मोकलपुर) द्वारा किया जिसमें विशेष रूप से युवा शक्ति संगठन के जिला अध्यक्ष आकाश सिंह राजपूत, मंत्री प्रतिनिधि पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, एवं मूरत सिंह राजपूत उपस्थित रहे। क्रिकेट महाकुंभ के अंतर्गत सुरखी सहित सीहोरा, बिलहरा, राहतगढ़ एवं जैसीनगर मंडल में लगातार मुकाबले खेले जा रहे हैं। इस महाकुंभ में ग्रामीण अंचल के युवाओं में खेल के प्रति गजब का उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है।शुभारंभ अवसर पर सुरखी मंडल में एक रोमांचक मुकाबला नारायणपुर क्रिकेट क्लब एवं मोकलपुर क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। नारायणपुर क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 41 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मोकलपुर क्रिकेट क्लब ने 42 रन बनाकर 1 रन से रोमांचक जीत दर्ज की।



### सीहोरा मंडल के परिणाम

पहले मैच में श्रीराम क्रिकेट क्लब ने जूनियर 11 को 81 रनों से पराजित किया। दूसरे मैच में टाइगर सीसी ने सूर्या सीसी को 19 रनों से हराया। तीसरे मुकाबले में मां ज्वाला क्रिकेट क्लब ने राधे क्रिकेट क्लब को 1 रन से शिकस्त दी। चौथे मैच में ढकरानिया क्रिकेट क्लब ने रूपऊ क्रिकेट क्लब को 60 रनों से पराजित किया।

### बिलहरा मंडल के परिणाम

पहले मैच में जय हो अगरा ने दोस्ती क्रिकेट क्लब को 2 रन से हराया। दूसरे मैच में स्टार 11 ने महाकाल 11 को 1 रन से पराजित किया। तीसरे मैच में सियावर 11 ने सहजपुरी खुर्द 11 को 7 विकेट से हराया।चौथे मैच में रॉयल 11 ने चारटोरिया क्रिकेट क्लब को 43 रनों से शिकस्त दी।

## खबर संक्षेप

### युवक ने मारपीट करने का लगाया आरोप

**ललितपुर।** खांदी स्थित काशीराम कालोनी निवासी पूजा अहिरवार पुत्री राजू ने पुलिस को बताया कि 18 जनवरी को साढ़े चार बजे उसका भाई महेन्द्र अहिरवार को पड़ौस के रितिक वंशकार पुत्र स्व.बलुआ वंशकार, मोहिनी पत्नी रितिक व सीमा पत्नी बलुआ ने एकराय होकर गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जंगली जानवर के हमले से बकरियों की मौत

**ललितपुर।** वन रेन्ज गौना के अंतर्गत ग्राम डोंगराकलां में देर रात जंगली जानवर ने देर रात घर में बंधी बकरियों पर हमला कर दिया। इस हमले में दो बकरियों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद गांव में दहशत फैल गयी। गांव वालों का मानना है कि जिस प्रकार से बकरियों को मारकर उनका मांस खाया है, उससे देखकर यही प्रतीत होता है कि यह हमला किसी तेंदुए या लकड़बग्घा ने किया होगा। हालांकि इस पूरे प्रकरण में वन विभाग की ओर से कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। घनी आबादी वाले इलाके में इस प्रकार की घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। यदि जल्द ही सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए तो मानव जीवन को भी खतरा हो सकता है।

### महिला की तहरीर पर दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** महरौनी कोतवाली के ग्राम पठाविजयपुरा निवासी पुष्पा पत्नी ग्यासी रैकवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि उसके पति के साथ गांव के ललित रजक पुत्र राजधर रजक व नरेश रजक पुत्र हरज्ञान रजक 15 जनवरी को पहले शराब पिलाकर उक्त दोनों व्यक्तियों ने उसके पति को रास्ते में रोकते हुये अकारण मारपीट कर गालियां दीं। आरोप है कि उक्त लोग उसके घर धारदार हथियार लेकर आये और अवैध धन की मांग करते हुये कहा कि रुपये नहीं दिये तो एस.सी.एस.टी. एक्ट में फंसा देंगे, जिससे उसका परिवार भयभीत हो गया। उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी और अपमानित किया। उनके पति मानसिक रूप से तनाव में था और उन्होंने इसी से आहत होकर 17 जनवरी को अपराह्न खेत में जाकर पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 108 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### पंजाब मेल एक्सप्रेस व खजुराहो मैमू में महिला यात्रियों के पर्स चोरी

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत थाना चन्देरी क्षेत्रांतर्गत रहने वाले अंकुर भार्गव पुत्र कृष्णकांत भार्गव ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 19 जनवरी को वह सुबह 9.50 बजे मुम्बई रेलवे स्टेशन से ललितपुर तक की यात्रा ट्रेन संख्या 12137 पंजाब मेल एक्सप्रेस के कोच नं. ए-2 के बर्थ संख्या 31 पर कर रहा था। बताया कि भोपाल रेलवे स्टेशन के पास उसकी पत्नी रूचि भार्गव का एक हैण्ड बैग जिसमें दो घड़ी, चार्जर, चाबियां, दवाईयां, एक चांदी की अंगूठी व 7 हजार रुपये नकद रखे हुये थे, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात बदमाश के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरखेरा निवासी रेखा यादव पत्नी आजाद सिंह ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 19 जनवरी को सुबह करीब 11.45 बजे वह ललितपुर-खजुराहो मैमू संख्या 64648 में ललितपुर से टीकमगढ़ तक की यात्रा कर रही थी। इसी बीच रेलवे स्टेशन बिरारी में उसका लेडीज पर्स जिसमें पांचाली, झुमकी, 200 रुपये नकद व रेल टिकिट था किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया है। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं इसके साथ ही जीआरपी पुलिस ने देवगढ़ ओवरब्रिज के पास से पकड़ा गांजा और तस्कर को धरदबोचा है।

---

### असंगठित श्रमिकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पहल

# श्रम योगी मानधन व ई-श्रम योजना का व्यापक प्रचार तेज


मजदूरों को जागरूक करते यूनियन अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

असंगठित कामगार मजदूर यूनियन संघ के अध्यक्ष अमित प्रजापति के नेतृत्व में नई बस्ती गांधीनगर क्षेत्र में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को केंद्र सरकार की श्रम कल्याणकारी योजनाओं से जोडऩे के उद्देश्य से जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने गल्ला मंडी के पास मोटर साइकिल मिस्त्रियों की साइट पर पहुंचकर श्रमिकों से सीधा संवाद किया और उन्हें ई-श्रम कार्ड एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। यूनियन अध्यक्ष अमित प्रजापति ने बताया कि असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए ई-श्रम कार्ड एक पहचान पत्र के रूप में कार्य करता है, जिसके माध्यम से श्रमिक विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना श्रमिकों के बुढ़ापे को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को तीन हजार रुपये की सुनिश्चित मासिक पेंशन प्रदान की जाती है। श्रमिकों को योजना से जुड़ी पात्रता शर्तों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि इस योजना का लाभ 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के वे श्रमिक उठा सकते हैं, जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये से कम है। योजना के अंतर्गत श्रमिक को आयु के अनुसार प्रतिमाह अंशदान करना होता है, जिसमें केंद्र सरकार समान राशि का योगदान देती है। यह पूरी प्रक्रिया ई-श्रम कार्ड, आधार कार्ड और बैंक खाते के माध्यम से की जाती है। यूनियन पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि यह योजना केवल मजदूरों के लिए ही नहीं, बल्कि मोटरसाइकिल मिस्त्री, रेहड़ी-पटरी लगाने वाले, दुकानदार, छोटे व्यापारी, ठेले वाले, कारीगर और अन्य असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। मौके पर मौजूद श्रमिकों ने योजना की जानकारी को उपयोगी बताते हुए इससे जुडऩे में रुचि दिखाई। इस जन-जागरूकता अभियान के दौरान यूनियन के कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें अध्यक्ष अमित प्रजापति, महामंत्री महेंद्र झा, उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू, संयुक्त मंत्री नारायण कुशवाहा, सदस्य विवेक प्रजापति, प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष महेंद्र झा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को संगठित कर उन्हें उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं से जोडऩे का संकल्प दोहराया। यूनियन नेतृत्व ने कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जाएंगे, ताकि कोई भी श्रमिक सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे और हर कामगार का भविष्य सुरक्षित हो सकें।

#### क्या है प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना?

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए चलाई जा रही एक पेंशन योजना है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिक अपनी आयु के अनुसार प्रतिमाह अंशदान करते हैं, जिसमें केन्द्र सरकार समान राशि का योगदान देती है। 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को तीन हजार रुपये प्रतिमाह की सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है, जिससे असंगठित श्रमिकों का बुढ़ापा सुरक्षित हो सकें।

#### ई-श्रम कार्ड क्यों है जरूरी?

ई-श्रम कार्ड असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की पहचान का एक राष्ट्रीय दस्तावेज है। इसके माध्यम से श्रमिकों का पंजीकरण केन्द्र सरकार के डेटाबेस में होता है, जिससे भविष्य में मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का सीधा लाभ श्रमिकों तक पहुंच सके। ई-श्रम कार्ड होने से श्रमिक सरकारी सहायता, बीमा और पेंशन जैसी योजनाओं से आसानी से जुड़ सकते हैं।

#### श्रमिकों में दिखा उत्साह

गल्ला मंडी क्षेत्र में मोटर साइकिल मिस्त्रियों और अन्य श्रमिकों को जब योजना की जानकारी दी गई, तो उन्होंने इसे अपने भविष्य के लिए उपयोगी बताया। कई श्रमिकों ने मौके पर ही ई-श्रम कार्ड बनवाने और श्रम योगी मानधन योजना से जुडऩे की इच्छा जाहिर की। यूनियन के इस प्रयास की श्रमिकों ने सराहना करते हुए इसे जनहित में एक सराहनीय कदम बताया।

---

### जिलाधिकारी ने 2027 के लिए बनाई टीम

# जिला स्तरीय 15 अधिकारियों को सौंपी जनगणना कार्य के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में जिले में जनगणना-2027 सम्पादित की जानी है, जिसके लिए जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय जनगणना समिति का गठन किया है, जिसमें जनपद, परगना एंव तहसील स्तर की जनगणना कार्य हेतु जिले के 15 अधिकारियों को नियुक्त किया है।

जनपद में जनगणना कार्य को सम्पादित किये जाने हेतु बुधवार को जनगणना निदेशालय के प्रतिनिधि प्रत्यूश यादव ने जिला स्तरीय जनगणना समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि वर्ष 2011 के बाद वर्ष 2027 हेतु जनगणना कार्य प्रस्तावित है, जो फरवरी 2027 तक पूर्ण किया जाना है। जनगणना कार्य 2 चरणों में किया जाएगा, प्रथम चरण में मई से जून 2026 तक प्रगणकों द्वारा हाउस लिस्टिंग की जाएगी और दूसरे चरण में फरवरी 2027 तक लिस्टेड हाउसेस की जनगणना की जाएगी।

बताया गया कि इस बार जनगणना ऑनलाइन सीएमएम पोर्टल पर की जाएगी, जिसमें 34 बिंदुओं पर सूचनाएं भरी जानी है। इसके लिए 2878 प्रगणक, 488 सुपरवाईजर, 42 फील्ड ट्रेनर व 2 मास्टर ट्रेनर नियुक्त किये जायेंगे। मास्टर ट्रेनरों को लखनऊ में प्रशिक्षण दिया जाएगा, ये मास्टर ट्रेनर जनपद स्तर पर फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित करेंगे और फील्ड ट्रेनर्स सुरपरवाईजर व प्रगणकों को प्रशिक्षण देंगे। इन कार्मिकों की नियुक्ति जनवरी से फरवरी 2026 तक की जाएगी और इनका प्रशिक्षण मार्च से अप्रैल 2026 तक होगा।

उन्होंने बताया कि जनगणना के लिए जनपद में ग्राम रजिस्टर व नगर रजिस्टर एवं मलिन बस्तियों का डाटा तैयार कर लिया गया है और पाली व मड़ावरा तहसील के सम्भाजन ग्रामों को भी अद्यतन कर लिया गया है। इसके आधार पर जनगणना हेतु जनपद का मैप भी तैयार हो गया है। डाटा के अनुसार तहसील सदर में 198 ग्राम, महरौनी में 145 ग्राम, तालबेहट में 168 ग्राम, पाली में 106 तथा मड़ावरा में 133 ग्रामी शामिल है। जनगणना के लिए प्रत्येक ग्राम और वार्ड को ब्लॉक के रूप में बांटा गया है।

---

### टोल प्लाजा पर एनएचएआई के सहयोग से हुआ आयोजन

# स्वास्थ्य शिविर लगाकर वाहन चालकों को किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत एनएचएआई के सहयोग से बीघाखेत टोल प्लाजा पर निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन कराकर वाहन चालकों को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देश, एएसपी कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में यातायात पुलिस ने एनएचएआई के सहयोग से बीघाखेत टोल प्लाजा पर निशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन कराया गया, जिसमें वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में बताया गया कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगायें, जिससे की किसी दुर्घटना के घटित होने पर वह सुरक्षित रह सकें, दो पहिया वाहन पर तीन सवारियां बैठाकर न चलाये, नशे की हालत में वाहन न चलाएं, चार पहिया वाहन चालक व सहयात्री अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट का प्रयोग करें, माल वाहक वाहनों में इंसानों का परिवहन न करें, बिना नंबर प्लेट के वाहन नहीं चलाएं।

### फसल बीमा को लेकर चिंतन बिना कर्ज लिए किसानों को बीमा योजना का लाभ नहीं मिलेगा

**ललितपुर।** किसान दिवस में नामित समस्त अधिकारी जिसमें सिंचाई, बिजली, वन विभाग, चकबन्दी एवं कृषि उत्पादन शाखा से जुड़े विभाग जैसे कृषि, उद्यान, सहकारिता, दुग्ध, पशुपालन विभाग के अधिकारियों के अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, लीड बैंक मैनेजर तथा फसल बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। किसान दिवस में उपस्थित किसानों द्वारा खरीफ 2025 की बीमा पॉलिसी अब तक न दिये जाने पर एवं खरीफ 2025 में गैर ऋणी कृषको की बीमा पॉलिसी रिजेक्ट किये जाने पर रोष प्रकट किया गया। जिसके क्रम में फसल बीमा कम्पनी प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि बीमा पॉलिसी पोस्ट ऑफिस को निर्गत कर दी गयी है तथा गैर ऋणी कृषको की बीमा पॉलिसी कृषको द्वारा अस्पष्ट एवं अपर्याप्त दस्तावेज अपलोड होने के कारण रिजेक्ट की गई है।




---

### अध्यक्ष नगर पालिका का फरमान, लापरवाही पर कार्रवाई

# गृहकर वसूली में दिए दिशा निर्देश डोर टू डोर वसूली करें कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सोनाली जैन द्वारा गृहकर वसूली की समीक्षा के दौरान दिये गये निर्देशों के क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के माह जनवरी व फरवरी में गृहकर वसूली हेतु वार्ड वार कैम्प लगाये शहर के समस्त वार्डों में लगाये जा रहे है।

निर्देश के क्रम में दिनांक 20 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 11 मोहल्ला रावतयाना कैलगुंवा तिराहा के पास, रावतयाना, दिनांक 21 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 14 में स्थित रिसाला मंदिर के पास, दिनांक 22 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 03 घुसयाना में स्थित जामा मस्जिद के पास, घुसयाना, दिनांक 23 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 09 मोहल्ला कटरा बाजार में स्थित बाढ़ई के नीम के पास, (कटरा बाजार), दिनांक 24 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 12 मोहल्ला सिविल लाइन में स्थित माँ शारदा माता मन्दिर, पुराने सूचना केन्द्र के पास, दिनांक 25 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 08 मोहल्ला सिविल लाइन में स्थित जयराम यादव के राशन कार्ड के पास, दिनांक 27 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 13 मोहल्ला तालाबपुरा में स्थित श्री नृसिंह मन्दिर के पास, तालाबपुरा, दिनांक 28 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 01 मोहल्ला खिरकापुरा में स्थित बूढे.बाबा मंदिर के पास, खिरकापुरा, दिनांक 29 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 02 मोहल्ला गांधीनगर में स्थित श्री अरविन्द राजा पार्षद जी आवास के पास, गांधीनगर, दिनांक 30 जनवरी 2025 को वार्ड नंबर 04 नेहरू नगर सिद्धनपुरा में स्थित टोरिया माता मंदिर के पास, नेहरूनगर, दिनांक 02 फरवरी 2025 को वार्ड नंबर 11 मोहल्ला रावतयाना में स्थित कृष्णा मैरिज गार्डन के पास, रावतयाना, दिनांक 03 फरवरी 2025 को वार्ड नंबर 16 मोहल्ला आजादपुरा में स्थित सोनी मिलन पैलेस के पास, ललितपुर, दिनांक 04 फरवरी 2025 को वार्ड नंबर 07 मोहल्ला रामनगर में स्थित परिवार पैलेस के पास, ईलाइट चैराहा, दिनांक 05 फरवरी 2025 को वार्ड नंबर 22 मोहल्ला आजादपुरा में स्थित प्राईमरी स्कूल के पास, लक्ष्मीपुरा, दिनांक 06 फरवरी 2025 को वार्ड नंबर 10 मोहल्ला सिविल लाइन में स्थित सदनशाह के पास, सिविल लाईन, दिनांक 07 फरवरी 2025 को वार्ड नंबर 06 मोहल्ला नेहरू नगर में स्थित प्राईमरी स्कूल पुराने पुल के पास, दिनांक 09 फरवरी 2025 को वार्ड नंबर 05 मोहल्ला बड़ापुरा में स्थित अम्बेडकर पार्क के पास, झाँसीपुरा में लगेगा।

---

### युवती की पुलिस ने नहीं सुनी शिकायत, अब न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ मामला

# डिग्री कराने व नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपए हड़पे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सदर चौकी क्षेत्रांतर्गत जगदीश मंदिर के पीछे रहने वाली कु.मान्या सोनी पुत्री अनिल कुमार सोनी ने सीजेएम न्यायालय के समक्ष वाद प्रस्तुत किया है। दायर किये गये वाद में कु.मान्या सोनी ने बताया कि उसके घर से 50 मीटर की दूरी पर रहने वाले दीपक तिवारी से उसके पिता का मेलजोल था।

आरोप है कि दीपक तिवारी जालसाज व्यक्ति है और उस पर धोखाधड़ी, चैक बाउन्स के अलावा अन्य मुकद्दमें चल रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि दीपक तिवारी पुत्र कैलाश नारायण तिवारी, वन्दना तिवारी पत्नी दीपक तिवारी, पुत्र संस्कार तिवारी सभी वाटर वक्र्स के सामने गली में रहते हैं। करीब दो तीन वर्ष पहले उक्त लोगों ने घर आकर पढ़ाई करने की बात कहते हुये यूनीवर्सिटी में बीएससी माइको बायलॉजी की पढ़ाई कराने की बात कही और नौकरी भी लगवाने की बात कही। युवती ने बताया कि विश्वास में आयी तो उनसे 4 लाख रुपये किश्तों में अलग-अलग देने की मांग की गयी। इस पर संस्कार के फोन-पे खाते में 29 अगस्त 2023 को 2900 रुपये डलवा लिये और इसी प्रकार दो वर्षों तक विभिन्न तिथियों में लगभग 3.60 लाख रुपये नकद के तौर पर 40 हजार रुपये ले लिये। जिसका फोन-पे पर रिकॉर्ड सुरक्षित है। अंतिम फोन-पे 14 जुलाई 2025 को 14 हजार रुपये का है। रुपये देने के बाद जब उसने नौकरी दिलाने की बात कही तो दीपक तिवारी ने 15-20 दिन में ज्वाइनिंग लैटर देने की बात कही।

---

# वार्ड-17 पार्षद को मातृशोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

प्रेस क्लब के सदस्य, वरिष्ठ पत्रकार एवं सिविल लाइन द्वितीय वार्ड नंगर 17 से पार्षद की पूज्यनीय माताजी का आकस्मिक निधन होने से शोक की लहर दौड़ गई। शहर के अनेक समाजसेवी, पत्रकार बंधु, राजनैतिक दलों के नेतागण सहित उनके शुभचिंतक अंतिम यात्रा में शामिल हुए। अंतिम संस्कार के उपरांत मुक्तिधाम पर एक शोक सभा का आयोजन हुआ, जहां उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन धारण का दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, वरिष्ठ पत्रकार राजीव कुमार शुक्ला, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, महामंत्री अमित सोनी, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह, नरेन्द्र कडंकी, सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव, पार्षद गिरीश पाठक सोनू, हरीबाबू शर्मा, नसीम खान, अजित भारती, पत्रकार मनोज वैद्य, आशीष चौबे, रमेश रायकवार, आलोक चौबे, पार्षद रमेश गांधी, हरदयाल लोधी, अरविन्द राजा, सुधीर निगम अक्कू, उमाकांत शर्मा, रवि जैन चुनगी, पूर्व पार्षद पंकज जैन मोदी, आलोक मयूर, कृष्ण बिहारी उपाध्याय, दिनेश संज्ञा, बृजेश पंथ, अज्जू बाबा, अनूप मोदी, अफजुल रहमान आदि लोग शामिल थे।

---

### निकाली गई भव्य भगवा रैली, बैठक के दौरान लिए कई फैसले

# बजरंग सेना का विस्तार नवनियुक्तों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



बजरंग सेना संगठन की समीक्षा बैठक और नव नियुक्त पदाधिकारीयो का स्वागत सम्मान बेर के बब्बा के मंदिर ग्राम गौना कुसमाड़ में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर खड़ेरा और जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर उपस्थित रहे..बैठक की अध्यक्षता ग्राम पंचायत अध्यक्ष गौना अंकित दुबे ने की।

बैठक के पूर्व ग्राम पंचायत गौना के सदस्यों द्वारा भव्य विशाल भगवा रैली निकाली गई जो गौना बस स्टैंड से पूरे गांव में होती हुई बेर के बब्बा जू के मंदिर पर सम्पन्न हुई डीजे डोल आदि के साथ झूमते हुए जय श्री राम के नारों से सभी हर्षोल्लास के साथ नाचते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुवात श्री हनुमान चालीसा जी के पाठ से हुई सभी बजरंग सेना के पदाधिकारियों सदस्यों से सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा जी का पाठ किया बैठक का संचालन दीपक त्रिपाठी पंडा ने किया। पधारे हुए अतिथियों का ग्राम पंचायत गौना के पदाधिकारियों ने माल्यार्पण तिलक लगाकर शाल आदि स्मृति चिन्ह भेंट कर पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर से विचार विमर्श करते हुए जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर द्वारा ग्राम पंचायत गौना का विस्तार करते हुए समस्त नव नियुक्त पदाधिकारीयो को धर्म पट्टी पहनाकर माला पहनाकर संगठन में शामिल करते हुए अंकित दुबे को ग्राम पंचायत अध्यक्ष रितेश दुबे ग्राम पंचायत प्रभारी ,डॉक्टर रानू दुबे,अरुण तिवारी, अमरेंद्र राजा बुंदेला, अमित दुबे, अरुण दुबे ,अजय दुबे, अंशुल दुबे ,अजय झा भगवानदास दुबे, अभिषेक असाटी ,चंद्रपाल पाल ,आशीष दुबे , वेद पांडे , रामकुमार विश्वकर्मा ,अमित कुमार जैन, सुरेश कुशवाहा ,अमन राजा, दिनेश दुबे ,अभिषेक राजा , अंकित राजा ,अभिषेक दुबे, पंकज दुबे ,अनुकूल राजा, विनोद कुशवाहा, को नियुक्ति पत्र वितरण किए गए।

प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर ने बैठक को संबोधित करते हुए सभी ग्राम पंचायत के नव नियुक्त पदाधिकारीयो को संगठन में नियमित रुप से कार्य करने और ग्राम पंचायत की सभी जनहित की समस्याओं को दूर करने के लिए अच्छे कार्य करने के दिशा निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष डॉक्टर दीपक पस्तोर द्वारा सभी पदाधिकारियों से हर मंगलवार श्री हनुमान चालीसा जी का पाठ और अपने अपने क्षेत्र में संगठन के विस्तार में सहयोग और एकजुटता के साथ कार्य करने के दिशा निर्देश दिए।

इस बैठक में मुख्य रूप से जिला मुख्य सलाहकार विकास सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष धर्माचार्य प्रकोष्ठ संतोष पटेरिया , मनविंदर कौर भाजपा नेत्री वरिष्ठ समाजसेवी, महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी कविता पस्तोर, ममता तिवारी जिला प्रभारी महिला मोर्चा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष गीता पटेल,नगर अध्यक्ष राजकुमारी दुबे,संजू सेन बुढ़वार जिला संगठन मंत्री,अजय दुबे जिला मंत्री, जितेन्द्र नायक जिला मंत्री,संजय सिंह लोधी जिला संगठन महामंत्री, जिला महासचिव शक्ति राजा परमार,आदर्श दुबे जिला प्रभारी युवा मोर्चा,अनुज प्रताप सिंह बुंदेला जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा,अनुराग विदुआ तहसील अध्यक्ष महरौनी, मोनू तिवारी तहसील अध्यक्ष ललितपुर,आयुष मिश्रा नगर अध्यक्ष मड़ावरा,पवन चौबे ग्राम पंचायत अध्यक्ष दावनी,अजय चौबे महामंत्री ग्राम पंचायत दावनी,रविन्द्र राजपूत ग्राम उपाध्यक्ष दावनी, दारा सिंह प्रजापति,मोहित राजपूत कुआं तला,राजकुमार कुशवाहा,पत्रकार सुमित रैकवार,पत्रकार रब्बू रिछारिया,आदि सभी पदाधिकारी मौजूद रहे..।

भाजपा नेता ने की पॉलीक्लिनिक शुरू करने की मांग

# मेडिकल कॉलेज के बाद भी लोग स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलने के बाद भी लोगों को इलाज़ के लिए जिले से बाहर खासकर राजस्थान के शहरों में जाना पड़ रहा है। इस परिस्थितियों को अनुकूल बनाने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज की सौगात से पहले बनाई गई पॉलीक्लिनिक योजना पर अमल करने पर जोर दिया जाने लगा है। इस संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण के साथ कलेक्टर अर्पित वर्मा से मुलाकात कर उन्हें पॉलीक्लिनिक शुरू करने की मांग भाजपा नेता एड महावीर मित्तल ने की है।

जो लोग मेडिकल कॉलेज को डॉक्टर बनाने की फैक्ट्री बताकर वाहवाही लूट रहे हैं वो भी इस बात को भी भली भांति जानते हैं कि मेडिकल कॉलेज स्वास्थ्य सुविधाओं को सुचारू बनाए रखने का साधन नहीं है, यह वो शैक्षणिक संस्थान है जहां बच्चे प्रतियोगी परीक्षा में पास होने के बाद डॉक्टर बनने के लिए एमबीबीएस सीटों पर एडमिशन लेते हैं। लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हर मेडिकल कॉलेज में या उसके पास अलग से हॉस्पिटल की व्यवस्था होती है जो श्योपुर जिले के मेडिकल कॉलेज के लिए फिलहाल नहीं है ऐसी स्थिति में यह कहना की लोगों का इलाज के लिए सवाई माधोपुर, कोटा, जयपुर जाना रुक जाएगा बिल्कुल गलत साबित हुआ। मेडिकल कॉलेज को सौगात मानने के चक्कर में जिले की दूसरी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में शायद नेताओं के साथ-साथ प्रशासन ने भी सोचना छोड़ दिया है। मेडिकल कॉलेज मिलने के बाद भी लोगों को जिला अस्पताल की लचर स्वास्थ्य सेवा से जूझना पड़ रहा है। जिले की इसी लचर स्वास्थ्य सुविधा को देखते हुए जिला मुख्यालय पर पुराना जिला अस्पताल परिसर में पॉलीक्लिनिक खोले जाने की योजना के तहत तत्कालीन सीएमएचओ बीएल यादव के प्रयास से संजीवनी क्लिनिक को पुराना अस्पताल परिसर में बनवाया गया था संजीवनी क्लीनिक के लिए भवन तो बन गया लेकिन उसे पॉलीक्लीनिक के रूप में उन्नयन करने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जाना है प्रस्ताव तो दूर की बात है जो भवन बनाया गया है उसमें दो साल बाद भी संजीवनी क्लिनिक शुरू नहीं हो पाया है।




### आम आदमी को आसानी से इलाज कराने की योजना पॉलीक्लीनिक

शहर वासियों को शहर के भीतर ही आसानी से इलाज मुहैया हो सके इस उद्देश्य से सरकार द्वारा हर जिले में एक पॉली क्लिनिक स्थापित करने की योजना के तहत करीब दो साल पहले पुराना जिला अस्पताल में संजीवनी क्लीनिक खोला गया था। वेसे तो शहर में तीन संजीवनी क्लिनिक खोले गए हैं लेकिन उनमें से एक को उन्नयन कर पोली क्लीनिक में परिवर्तित करने की योजना है इसी उद्देश्य से पुराना जिला अस्पताल में परिसर संजीवनी क्लिनिक बनाया गया है। सरकार ने पूरे प्रदेश में 157 पॉली क्लीनिक बनाए जाने की योजना बनाई है। यह पॉली क्लिनिक हर शहर में तीन संजीवनी क्लिनिक में से एक को पॉली क्लिनिक के रूप में विकसित करना है।

### पॉली क्लीनिक में मिलने वाली सेवाएं

विकसित पॉलीक्लीनिक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया जाना है इसमें एक मेडिकल ऑफिसर के साथ स्त्री एवं शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक आवश्यक रूप पदस्थ होने हैं, इनकी नियुक्ति शासन स्तर पर की जाएगी। साथ ही सीएमएचओ अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों को मेडिकल कॉलेज के सहयोग से पदस्थ कर सकेंगे। जिला अस्पताल की शहर से दूरी अधिक होने और समय पर डॉक्टर नहीं मिलने से नागरिकों को कई बार बिना इलाज कराए वापस लौटना पड़ता है। पॉलीक्लिनिक बनने के बाद इस समस्या का भी निदान हो सकता है।

### प्रयास करेंगे

इस संबंध में पूर्व में शासन को पत्र लिखा जा चुका है। संजीवनी क्लिनिक के लिए भवन बनकर तैयार है जिसको पॉलीक्लिनिक के रूप में विकसित किया जाना है। पर यह काम शासन स्तर से ही होगा इसके लिए कलेक्टर के माध्यम से प्रयास करेंगे।

डॉ. डीएस सिकरवार
सीएमएचओ श्योपुर

शहर में जो तीन संजीवनी क्लिनिक बने हैं उसमें से एक को पॉलीक्लिनिक में बदलना है इसके लिए मैंने भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण के साथ मिलकर कलेक्टर अर्पित वर्मा को अनुरोध पत्र सौंपा है उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे शासन स्तर पर पहल कर शीघ्र ही जिला अस्पताल के संजीवनी क्लिनिक को पॉलीक्लिनिक में तब्दील करने का प्रयास करेंगे।

एड महावीर मित्तल
भाजपा नेता

एसपी एवं एडीएम ने लिया मुख्य समारोह की तैयांरियों का जायजा

# गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य समारोह शहर के वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर अर्पित वर्मा प्रातः 09 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

मुख्य समारोह की तैयारियों को लेकर गुरूवार को पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं की तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर एएसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य, एसडीओपी राजीव गुप्ता, तहसीलदार मनीषा मिश्रा सहित नगरपालिका, पीडब्ल्यूडी, विधुत, महिला बाल विकास, शिक्षा आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल एवं अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा इस दौरान स्टेडियम पर अतिथियों एवं अन्य गणमान्य नागरिको की बैठक व्यवस्था, मंच की साज-सज्जा, सांउड सिस्टम सहित ग्राउंड की साज-सज्जा आदि के संबंध में की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया।



# श्योपुर मेडिकल कॉलेज में सीनियर रेसीडेंट के रूप में 15 डॉक्टरों की भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर


मेडिकल कॉलेज श्योपुर में सीनियर रेसीडेंट के रूप में 15 नए डॉक्टरों की भर्ती की गई है। इन नए डॉक्टरों की भर्ती होने से मेडिकल कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्थाएं बेहतर होगी। मेडिकल कॉलेज के डीन के मुताबिक पिछले दिनों गजराज मेडिकल कॉलेज ग्वालियर में आयोजित साक्षात्कार के बाद चयन समिति ने श्योपुर मेडिकल कॉलेज के रिक्त पदों की भर्ती के प्रक्रिया के तहत जिन डॉक्टरों को सीनियर रेसीडेंट को चयनित किया गया है,उनमें मनोरोग विभाग में डॉ अरशद अयूब, नेत्र रोग विभाग में डॉ अल्पना बडोलिया, डॉ वैभवी पराते, जनरल सर्जरी विभाग में डॉ रिजवान खान, डॉ मोहम्मद फजल, डॉ प्रशांत के शर्मा, ईएनटी विभाग में डॉ गोरले केवल्या, डॉ मोहिनी गर्ग, बाल एवं शिशु रोग विभाग में डॉ चितरंजन साहू, चर्म एवं गुप्त रोग विभाग में डॉ मुस्कान जोशी, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में डॉ विधि अग्रवाल, डॉ नेहा त्यागी, अस्थि रोग विभाग में डॉ प्रशांत अग्रवाल, डॉ अश्विन चौहान, डॉ आदर्श कुमार सिंह शामिल है। बताया गया है कि इनमें से यदि कोई डॉक्टर ज्वाइनिंग नहीं देगे तो उसके लिए 5 डॉक्टरों को प्रतीक्षा सूची में भी रखा गया है।

# आधार अपडेशन के लिए स्कूलों में संकुल स्तर पर लगाए शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आधार अपडेट नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और दूसरी योजना से वंचित रहना पड़ रहा है। कोई भी बच्चा शासकीय योजना से मेहरूम ना रहे और पढ़ाई में उसके अभिलेख बाधा ना बने इस उद्देश्य राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश पर शत प्रतिशत बच्चों के आधार अपडेशन करने का अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में संकुल स्तर पर अब स्कूलों में ही आधार अपडेशन शिविर लगाकर किए जा रहे हैं जिसके तहत विद्यार्थियों को आधार सेंटर पर अपडेशन करने की जरूरत नहीं है वह अपने शिक्षक के साथ ही संकुल स्तर पर लगाए गए शिविर में उन बच्चों को लेकर पहुंचेंगे जिनके आधार अपडेशन नहीं है। जिले में कुल दर्ज 12889 विद्यार्थियों में से 10180 के आधार अपडेट किए जा चुके हैं जबकि 20704 छात्र छात्राओं के आधार अपडेट नहीं हो सके हैं।

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश पर लगाए गए शिवरों में 6 से 18 वर्ष आयु के विद्यार्थियों के नामांकन, सत्यापन तथा एमबीयू पोर्टल पर लंबित प्रविष्टियों का निराकरण की जा रही है। जिसमें विशेष रूप से 15 से 17 वर्ष (एमबी 2 वर्ग) के विद्यार्थियों के लिए यह कार्य एनटीए यूपीएससी एवं अन्य राष्ट्रीय परीक्षाओं में पंजीकरण हेतु आवश्यक है, इसलिए इन पर अधिक फोकस किया गया है। बोर्ड परीक्षा से पहले शतप्रतिशत विद्यार्थियों के आधार अपडेट किए किए जाने कि कवायद युद्ध स्तर पर की जा रही है।



### श्योपुर जिले की स्थिति

कराहल विकासखंड में कुल 26350 विद्यार्थियों में से 3489 के आधार सत्यापित नहीं हैं।

श्योपुर विकासखंड में कुल 65704 में से 10855 के आधार सत्यापित नहीं है।

विजयपुर विकास खंड में कुल 44649 विद्यार्थियों में से 6370 के आधार सत्यापित नहीं हैं।

जिले में कुल 13703 विद्यार्थियों में से 20704 के आधार सत्यापित नहीं है।

# एसपी ने वीरपुर और ओछापुरा थाने का निरीक्षण किया, दिए निर्देश




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल ने गुरूवार को जिले के वीरपुर और ओछापुरा थाने का निरीक्षण किया।

दोनो थानों का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने जहां अपराध समीक्षा, समन्स वारंट तामीली की स्थिति का जायजा लिया,वहीं थाने का रिकॉर्ड देखते हुए थाने की हवालात और मालखाने का मुआयना भी किया। इस दौरान एसपी ने थाने में पदस्थ पुलिसकर्मियों की समस्याओं के बारे भी जानकारी ली,साथही थाना प्रभारी सहित थाना स्टाफ को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को ट्रिब्यूनल ने माना अवमानना

# मजार मिट्ठे शाह भूमि से जुड़े मामले में कलेक्टर, तहसीलदार कोर्ट में तलब

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मजार मिट्ठे शाह से जुड़ी खातौली तिराहा स्थित बेश कीमती जमीन पर अतिक्रमण हटाने के मामले में अब नया पेज आ गया है। दरअसल वक्फ कमेटी की शिकायत के बाद वक्फ ट्रिब्यूनल (विशेष अदालत) ने इस कार्रवाई को अपनी अवमानना बताते हुए कलेक्टर अर्पित वर्मा और तहसीलदार मनीष मिश्रा को नोटिस जारी किया है। हालांकि नोटिस मिलने के बाद कलेक्टर के प्रतिनिधि के रूप में एडीएम रूपेश उपाध्याय और तहसीलदार मनीषा मिश्रा स्वयं ट्रिब्यूनल में उपस्थित भी हो चुकी है लेकिन कोर्ट ने उनका जवाब लिए बिना उन्हें 4 मार्च को पेशी पर विधिवत रूप से आने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल मजार मिट्ठे शाह से जुड़ी 27/8 भूमि मध्य प्रदेश बुक बोर्ड में पंजीकृत है और इसके स्वामित्व से जुड़ा एक मामला वक्फ ट्रिब्यूनल भोपाल में चल रहा है। वक्फ कमेटी ने ट्रिब्यूनल कोर्ट में गुहार लगाई थी कि प्रशासन वक्फ की जमीन पर बनी दुकानों को तोड़ना चाहता है वह जमीन पर कब्जा जमाना चाहता है। इस मामले में कोर्ट में उक्त जमीन पर यथा स्थिति बनाए रखने के लिए स्थगन आदेश दिया हुआ है साथ ही निर्देशित किया हुआ है कि उक्त जमीन पर अदालत से पूछे बिना कोई कार्रवाई न की जाए पर विगत दिनों हुई कार्रवाई के बाद वक्फ कमेटी ने अदालत को अवगत कराया था कि स्थगन के बावजूद प्रशासन ने जमीन से अतिक्रमण हटाया है। वक्फ ट्रिब्यूनल ने कलेक्टर और तहसीलदार को इस मामले में कोर्ट की अवमानना का नोटिस जारी किया है। अब इस नोटिस का जवाब प्रशासन को 4 मार्च को देना है। प्रशासन द्वारा कोर्ट को यह बताना होगा कि कि जिस जगह पर से अतिक्रमण हटाया गया है वो वक्फ बोर्ड की नहीं है। ज्ञात हो कि मजार मिट्ठे शाह से जुड़ी भूमि पर अधिपत्य के लिए वक्फ बोर्ड ओर ओकाफ कमेटी के बीच विवाद कोर्ट में चल रहा है। इस मामले में हाईकोर्ट ग्वालियर खंडपीठ की डबल बेंच ने मामले कि सुनवाई सिर्फ वक्फ ट्रिब्यूनल में करने के निर्देश दिए हुए हैं।




ढोढर और इकलौद में हिंदू सम्मेलन आयोजित, निकाली गई कलश यात्राएं

# जब तक हिंदू समाज संगठित है, तब तक भारत की सीमाएं और संस्कृति सुरक्षित हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इन दिनों जिलेभर में हिंदू सम्मेलनो का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरूवार को ढोढर और इकलौद में मंडल स्तरीय हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिनमें बडी संख्या में हिंदू समाज के महिला पुरूष और बच्चे उत्साह के साथ शामिल हुए। भव्यता के साथ आयोजित इन हिंदू सम्मेलनों की शुरूआत कलश यात्रा निकाले जाने के साथ हुई। गाजेबाजे के साथ निकाली गई इन कलश यात्राओं में बडी संख्या में महिला और बालिकाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी। हिंदू सम्मेलन के बाद आयोजित सह भोज में तब सामाजिक समरसता की झलक दिखाई पडी,जब सभी जाति वर्ग के लोगों ने एक साथ पंगत में बैठकर भोजन ग्रहण किया।

सोंई खंड के ढोढर मंडल का हिंदू सम्मेलन गुरूवार को ढोढर के गिर्राज जी मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ। हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित आरएसएस के विभाग प्रचारक मनु जैन ने संघ की गौरवशाली यात्रा का वर्णन करते हुए कहा कि संघ एक शताब्दी से राष्ट्र की सेवा में समर्पित है। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवक समाज के सभी सभी क्षेत्रों में निरंतर सक्रिय रहकर मां भारती का यशोगान कर रहे हैं। उन्होनें हिंदू समाज से सक्रिय और संगठित बनने का आह्वान करते हुए कहा कि जब तक हिंदू समाज संगठित और स्वाभिमानी है, तब तक भारत की सीमाएं और संस्कृति सुरक्षित हैं। नौनार सरकार धाम के महंत गोपाल दास महाराज ने भजनों की रौचक प्रस्तुति दी,जिससे कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह धर्ममय हो गया। उधर ननावद मंडल में भी हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया,जहां मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सुरेशचंद्र अग्रवाल ने हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिंदू समाज के संगठित होने की आवश्यकता पर जोर दिया।








### हमें अपनी जड़ों और अपनी पहचान के लिए संगठित होना पड़ेगा

विजयपुर खंड के इकलौद में गुरूवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन अंबिका डीएड कॉलेज में किया गया। हिंदू सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित संघ के जिला प्रचारक अभिजीत मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत के गौरवशाली इतिहास का वर्णन किया और हिंदू समाज से एक जुटता बढाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एकता में ही शक्ति है। जब तक हिंदू एक नहीं होगा, तब तक उसे प्रताड़ति किया जाता रहेगा। हमें अपनी जड़ों और अपनी पहचान के लिए संगठित होना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब जब हिंदू समाज की शक्ति जागृति हुई,तब तब भारत का कदम विश्व गुरू बनने की ओर बढा है। अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर का निर्माण और भारत के अभिन्न अंग जम्मू कश्मीर से धारा 370 का हटना जैसे कार्य होना भारत के विश्व गुरू बनने की दिशा में कदम आगे बढना है। हिंदू सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित महामंडलेश्वर संत श्री रामदास जी महाराज दंदरौआ सरकार, पीठाधीश्वर पंडित श्री गोपाल कृष्ण महाराज शाहपुरा सरकार ने भी हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिंदू समाज से संगठित होने का आह्वान किया। उन्होंने समझाया कि जिस प्रकार एक वृक्ष की जड़, तना, शाखाएँ और पत्तियाँ अलग-अलग होते हुए भी एक-दूसरे के पूरक होते हैं, उसी प्रकार समाज के सभी वर्ग समान महत्व रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह संदेश हमें रामचरितमानस से मिलता है, जो समता, प्रेम और करुणा का मार्ग प्रशस्त करती है।इस दौरान एक व्यक्ति ने मंच पर आकर नशा छोडने का संकल्प लिया।

# ग्रामीण शिक्षा समिति की कार्यशाला आयोजित, शिक्षा की गुणवत्ता पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ग्रामीण शिक्षा समिति जिला श्योपुर की एक कार्यशाला बीते रोज सरस्वती शिशु मंदिर श्योपुर में आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रांतीय योजना के अनुसार बीते तीन वर्षों की समीक्षा की गई तथा आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए विस्तृत योजना बनाई गई।

बैठक में प्रमुख रूप से विद्या आरंभ संस्कार पंजीयन एवं समर्पण नवीन प्रवेश योजना, शिशु वाटिका की 12 शैक्षिक व्यवस्थाएं, शिशु नगरी कार्यक्रम, सप्तशती संगम एवं ग्रामोत्सव के अनुवर्तन कार्यक्रम, परीक्षा परिणामों की समीक्षा एवं संकुल प्रशिक्षण जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी विषयों को लेकर व्यावहारिक योजना तैयार कर समीक्षा भी की गई। साथही आगामी में समय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, वरिष्ठ नेतृत्व के निर्देशन को विद्यालयों में व्यवहारिक रूप से लागू करने तथा शैक्षणिक व प्रशासनिक व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने पर गहन मंथन किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने ग्रामीण अंचल में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया। समिति के उपाध्यक्ष सुरेशचंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में जिला समिति सचिव अरुण दांतरे, जिला प्रमुख सोवरन सिंह तोमर, जिला समिति कोषाध्यक्ष मुन्ना लाल गुप्ता, जिला समिति सदस्य राजेंद्र जाट, अंजना मारवाड़ी, विद्यासागर गौतम, शिशुपाल मीणा, नीता गौतम, जिला केंद्र विद्यालय के प्राचार्य महावीर गॉड सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## सेवा निवृत्त अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर महासंघ ने दिया ज्ञापन

**श्योपुर।** पेंशनरों की नौ सूत्रीय समस्याओं को लेकर सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ की श्योपुर जिला इकाई ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन कलेक्टर श्योपुर को दिया। ज्ञापन में 20 प्रतिशत पेंशन वृद्धि की आयु सीमा 80 वर्ष के स्थान पर 65 वर्ष करने, पेंशनर की मृत्यु उपरांत एक्स ग्रेशिया राशि 50 हजार रूपए का प्रावधान करने, छटवे वेतनमान का 32 माह का एरियर तथा सातवे वेतनमान का 27 माह के एरियर का तत्काल भुगतान किए जाने सहित अन्य कई जरूरी मांगे प्रमुखता से उठाई गई। इसके साथही बैंक में पेंशन आहरण हेतु निर्धारित तिथियों में पृथक काउंटर लगाए जाने की व्यवस्था करने, जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर पेंशनरों के लिए प्रति माह स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए जाने, पेंशनरों के लिए बसो में सीट आरक्षित किए जाने और पेंशनर महासंघ को कार्यालय स्थापित करने के लिए शासकीय भवन आंवटित किए जाने जैसी कई जरूरी सुविधाए उपलब्ध कराने की मांग भी ज्ञापन में की गई है। ज्ञापन सौपने के दौरान पेंशनर महासंघ के जिलाध्यक्ष शंभूदयाल शर्मा पंकज,भारतीय मजदूर महासंघ के जिलाध्यक्ष रामभजन रावत, जिला सचिव प्रेमप्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष ओपी शर्मा, राज्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज पाराशर, जिला सचिव रविन्द्र सिंह तोमर सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।



## खबर संक्षेप



### शिविर में 381 मरीजों के किए नेत्र परीक्षण

**बीना।** सिविल हॉस्पिटल में नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी सचिन भावसार एवं वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया सदगुरुदेव नेत्र चिकित्सालय क़े नेत्र चिकित्सक डॉ दीपक सिंह, शासकीय अस्पताल के नेत्र चिकित्सा सहायक प्रहलाद सिंह कुशवाहा, कैंप प्रभारी देवेंद्र जोगी, कॉउंसलर रणवीर सिंह बघेल, अक्षय पाल ने बीपी एवं शुगर टेस्ट किया। रवि धाकड़, अक्षय पाल ने लगभग 381 मरीजों के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बतलाए। शिविर में सचिन भावसार द्वारा 147 लोगों को निशुल्क दवा का वितरण किया। साथ ही 39 मरीजों को चश्मा वितरित किया एवं 39 मरीजों को चश्में के नम्बर निकाल कर दिए। शिविर जनपद सदस्य पीपी नायक की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इसमें सिविल अस्पताल का स्टाफ ने सहयोग किया।

### राजस्व अमले ने 3 दिन में 7 लाख राजस्व वसूला

**करैरा।** एसडीएम अनुराग निंगवाल एवं राजस्व अमले के सतत निरीक्षण और प्रयासों से मात्र तीन दिनों में शासन को डायवर्शन की बकाया राशि 7 लाख रुपए की राजस्व वसूली प्राप्त हुई है। एसडीएम निंगवाल ने आम जनो से जागरूक रहकर बकाया राजस्व राशि तथा नया डायवर्सन कराने, शासन नियम निर्देशों का पालन पर सहयोग हेतु आभार जताया।

### खेलो एमपी वॉलीबॉल में जीएनपीएस के 6 बच्चों का संभाग स्तर पर चयन

**बीना ।** खेलो एमपी वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गोमती नंदन पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में विद्यालय के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। बालक वर्ग से कार्तिक सकवार एवं हर्षवर्धन ठाकुर का चयन हुआ है, जो 22 जनवरी को सागर में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। वहीं बालिका वर्ग से रोशनी पिसाल, अनन्या मेघवानी, आध्या तोमर तथा अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में हेमा अहिरवार का चयन किया गया है। बालिका वर्ग की टीम 24 जनवरी को सागर में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में खुशी की लहर है। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर विकास अग्रवाल, प्राचार्य शिखा अग्रवाल एवं अकादमिक डायरेक्टर संतोष रजक ने विद्यालय के कोच गीतिश रैकवार, करतार यादव, कोमल पटेल एवं शिखा मिश्रा को बधाई दी।

### अज्ञात युवक का शव ट्रेन की पटरियों पर मिला

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत रेलवे कर्मचारी मयंक रावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अशोकनगर हिनोतिया रेलवे ट्रेक पर 1047/2 से 3 के बीच एक अज्ञात युवक का शव रेल पटरियों पर पाया गया है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है। जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत पुलिस ने भीम सिंह राजपूत निवासी ग्राम सडूमरा के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की बहादुरपुर थाने की पुलिस ने पप्पू अहिरवार निवासी बमुरिया के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने भानू राजपूत निवासी ग्राम कजराई के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कोतवाली पुलिस ने शंकर कॉलोनी निवासी इरसाद खान के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## नगर परिषद की अनदेखी से वाहन चालकों को सता रहा हादसों का डर

# मुख्य सड़क पर खतरनाक गड्ढा दे रहा दुर्घटनाओं को खुला आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



करैरा शहर के हृदय स्थल में पुलिस सहायता केंद्र से सिटी सेंटर की ओर जाने वाली व्यस्त सड़क पर नाले के ऊपर बनी सड़क में एक विशाल छेद उभर आया है, जो रोजमर्रा की जिंदगी को खतरे में डाल रहा है और स्थानीय निवासियों के बीच आक्रोश पैदा कर रहा है, जहां ऑटो स्टैंड की मौजूदगी के कारण यातायात का दबाव हमेशा अधिक रहता है, वहां यह गड्ढा एक मौत का जाल साबित हो रहा है, जिसमें छोटी-मोटी दुर्घटनाएं तो रोजाना घटित हो रही हैं लेकिन बड़े हादसे की आशंका से लोग सहमे हुए हैं, इस प्रमुख मार्ग पर शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान जैसे मुख्य स्कूल स्थित हैं जहां सैकड़ों छात्र-छात्राएं रोजाना आते-जाते हैं और उनकी सुरक्षा अब सवालों के घेरे में है।

इसके अलावा राजनीतिक हस्तियों के आवास भी इसी रोड पर हैं जिनमें प्रदेश महामंत्री भाजपा रणवीर सिंह रावत का निवास शामिल है जो क्षेत्र के एक दिग्गज नेता हैं, साथ ही भाजपा नेत्री और पूर्व विधायक शकुंतला खटीक का घर भी यहीं है जो यहां केंद्रीय मंत्री एवं सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया की खासमखास में गिनी जाती हैं , यहां तक कि शहर के प्रमुख मैरिज गार्डन इसी सड़क पर बने हुए हैं जहां शादी-ब्याह और सामाजिक आयोजनों के लिए लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा होते हैं जिससे ट्रैफिक का बोझ और बढ़ता है, और हाइवे तक पहुंचने का रास्ता भी यही से होकर गुजरता है जो शहर की कनेक्टिविटी का आधार है, इसके अतिरिक्त खाद गोदाम की मौजूदगी ने इस मार्ग को व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण बना दिया है जहां बड़े-बड़े ट्रक खाद की सप्लाई के लिए रोजाना यहां आते हैं और इन भारी वाहनों के लिए यह गड्ढा एक बड़ा जोखिम साबित हो सकता है, स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यहां आये दिन दुर्घटना होती रहती है लेकिन नगर परिषद करैरा की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे प्रशासन की उदासीनता साफ झलक रही है, निवासियों ने कई बार शिकायत दर्ज कराई है लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला, एक स्थानीय निवासी ने बताया कि शाम के समय जब रोशनी कम होती है तो यह गड्ढा और खतरनाक बन जाता है और कई बार दोपहिया वाहन चालक इसमें फंसकर गिर चुके हैं, जिससे चोटें लगी हैं और वाहनों को नुकसान पहुंचा है, विशेषज्ञों का मानना है कि अगर समय रहते मरम्मत नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है जिसमें जान-माल की हानि हो सकती है और मांग कर रहे हैं कि तत्काल इस छेद को भरकर सड़क को सुरक्षित बनाया जाए, राजनीतिक दलों ने भी इस मुद्दे को उठाना शुरू कर दिया है सामाजिक संगठनों ने प्रदर्शन की चेतावनी दी है अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो, स्कूल प्रशासन ने अभिभावकों को सतर्क रहने की सलाह दी है ताकि बच्चे सुरक्षित रहें, कुल मिलाकर यह गड्ढा न केवल एक स्थानीय समस्या है बल्कि शहर की समग्र सुरक्षा और विकास की राह में बाधा बन चुका है, और नगर परिषद की निष्क्रियता से सवाल उठता है कि सड़क पर इतनी बड़ी लापरवाही क्यों नजरअंदाज की जा रही है जबकि इसमें शामिल सभी पक्षों की जान जोखिम में है।

### इनका कहना है

24 घंटे में समस्या हल हो जाएगी, जनता की समस्यायो को हल करना हमारी प्राथमिकता है।

**गोपाल गुप्ता,** सीएमओ करैरा

विकास की बाते करते हैं और इन्हें बीच सड़क पर इतना बड़ा गड्ढा दिखाई नहीं देता है। यह केवल भ्रष्टाचार करने के लिए आए हुए हैं।

**शालिनी सोनी,** पार्षद वार्ड 3 करैरा

## अनुविभाग में राजस्व न्यायालयों की अनियमितताओं पर वकीलों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



करैरा में व्याप्त राजस्व न्यायालयों की विभिन्न समस्याओं और अनियमितताओं से निपटने के उद्देश्य से स्थानीय वकीलों ने एसडीएम अनुराग निंगवाल को एक ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में सात प्रमुख बिंदुओं पर जोर दिया गया है, जो आम जनता को लगातार परेशान कर रहे हैं। एडवोकेट अनिल कुमार दुबे, प्रशांत त्रिपाठी, समर्थ गुप्ता, प्रशांत तिवारी, कल्याण सिंह लोधी, राजीव गरुड़, उत्तम लोधी जैसे युवा वकीलों के साथ वरिष्ठ अभिभाषक श्री रघुवर दयाल मिश्रा, पदम जाटव, बलराम यादव, राममिलन लोधी, सुदीप गौतम, विजय सक्सेना, जितेंद्र परिहार और अन्य अधिवक्ता इस मुद्दे पर एकजुट होकर उपस्थित हुए।

ज्ञापन में मांग की गई है कि पीठासीन अधिकारियों को निर्देश जारी कर प्रकरणों में नियमित तारीखें तय की जाएं और आदेशित कार्यवाहियां निर्धारित समयसीमा में पूरी हों, ताकि पक्षकारों को अनावश्यक चक्कर न काटने पड़ें। इसके अलावा, निराकृत प्रकरणों को बिना निष्पादन कार्यवाही पूरे किए दाखिल रिकॉर्ड करने की प्रथा पर रोक लगाने की अपील की गई है, जिससे नागरिकों को अभिलेखों में बदलाव कराने में कठिनाई न हो। वकीलों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुए, तो आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

त्रुटि सुधार से जुड़े प्रकरणों (धारा 115 एवं 75, मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता) पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है, जहां तहसीलदार द्वारा एसडीओ को प्रतिवेदन भेजने के नाम पर मूल प्रकरण पत्र राजस्व निरीक्षक और पटवारी को सौंप दिए जाते हैं। ये अधिकारी इन्हें घर ले जाकर रख लेते हैं, जिसके फलस्वरूप पक्षकारों को उनके घरों पर जाकर चक्कर लगाने पड़ते हैं और अवैध वसूली का शिकार बनना पड़ता है। वकीलों ने मांग की है कि यदि रिपोर्ट के लिए पटवारी या निरीक्षक की जरूरत हो, तो तहसीलदार उन्हें कार्यालय में तलब करें और समयबद्ध तरीके से प्रतिवेदन तैयार कर एसडीओ को भेजा जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगे। इसी क्रम में, कोरोना काल में पटवारियों को वितरित ग्रामों के अधिकार अभिलेखों को अभी तक तहसील की रिकॉर्ड शाखा में वापस जमा न करने की शिकायत भी दर्ज की गई है। इन अभिलेखों को अवैध वसूली का साधन बना लिया गया है, जहां नकल की प्रति के नाम पर 100 से 200 रुपए वसूले जाते हैं और कुछ मामलों में 10-10 हजार तक की मांग की जाती है।

### डिजिटलीकरण की कमी और लोक सेवा केंद्र की लापरवाही से जनता परेशान, मतदाता पुनरीक्षण का दुरुपयोग बंद हो

ज्ञापन में मांग की गई है कि करैरा डिजिटल पिछड़ापन में प्रमुख मुद्दा बनकर उभरा है, जहां शिवपुरी जिले के अन्य अनुविभागों के हस्तलिखित राजस्व अभिलेख (खसरा, खतौनी, भूलेख) ऑनलाइन वेबसाइट पर अपलोड हो चुके हैं, लेकिन करैरा के ग्रामों के रिकॉर्ड अभी भी ऑफलाइन हैं। इससे नागरिकों को दस्तावेज प्राप्त करने में भारी असुविधा हो रही है और तहसील के चक्कर बढ़ गए हैं। वकीलों ने तत्काल अपलोडिंग की कार्रवाई की मांग उठाई है। इसके साथ ही, लोक सेवा केंद्र करैरा में कर्मचारियों की लापरवाही पर भी निशाना साधा गया, जहां आवेदन पत्रों को शीघ्र दर्ज न करने और रसीद न देने की शिकायतें आम हैं। शासन की ह्यसमाधानह्न योजना के तहत एक दिवसीय नकल सेवा (हेड 0717) का लाभ न देकर पक्षकारों को गुमराह किया जाता है और साधारण हेड (0718) के बहाने तहसील भेजा जाता है, जहां आगे परेशानी होती है। अंत में, चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान का दुरुपयोग उजागर किया गया, जहां अन्य अनुविभागों में निरीक्षण तीन घंटों में पूरा कर सामान्य कार्य चालू रहते हैं, लेकिन करैरा में अधिकारियों द्वारा इस बहाने न्यायिक सुनवाई पूरी तरह बंद कर दी जाती है। वकीलों ने पीठासीन अधिकारियों को निर्देश देने की अपील की कि निर्धारित समय में पुनरीक्षण पूरा कर अन्य कार्य सुचारू रखें, ताकि जनता का भरोसा बना रहे।

## समूह को सशक्त करने बीपीसीएल ने ऑटोमेटिक मशीन का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड़ बीना रिफाइनरी द्वारा शासकीय उ.मा.वि. भानगढ, शासकीय माध्यमिक शाला बिल्धई बुजुर्ग, एनएससीबी बालिका छात्रावास एवं शास. अनु जाति उत्कृष्ट कन्या छात्रावास में शौचालय का निमार्ण कार्य कराया गया। बुधवार को बीपीसीएल बीना रिफाइनरी द्वारा प्रोजेक्ट समृद्धि के अंतर्गत किसान उत्पादक संगठन के तहत गाम कठाई में महिलाओं के समूह को सशक्त करने के लिए ऑटोमेटिक पेपर बैग मशीन का शुभारंभ किया। स्कूलों व बालिका छात्रावास में निर्मित शौचालय का हस्तांतरण सरपंच भानगढ़ राजेश कुर्मी, देहरी रघूराज सिंह, सरगोली कुलदीप सिंह एवं एसडीएम विजय कुमार डेहरिया के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम विजय कुमार डेहरिया ने बीपीसीएल बीना रिफाइनरी की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा एवं अन्य क्षेत्र में जो कार्य किए जा रहे है वह बहुत ही प्रशासनीय कार्य है। उन्होने बताया कि शौचालय की स्थिति खराब होने के कारण बच्चों को असुविधा होती थी तथा महिलाओं के समूह को सशक्त करने के लिए ऑटोमेटिक पेपर बैग मशीन प्रदान किया गया। जो निश्चित रूप से महिलाओं एवं बच्चों के लिए बहुत बडी सौगात है।

कार्यक्रम में बीपीसीएल बीना रिफाइनरी के उपमहाप्रबंधक केपी मिश्रा, सायन चटर्जी तथा प्राचार्य दीपचन्द चौधरी, रामकिशन अहिरवार, निधि पाठक, वर्षा राजपूत (वार्डन शास अनु. जाति उत्कृष्ट कन्या छात्रावास बीना), सोनम दांगी (वार्डन शास अनु. जाति उत्कृष्ट कन्या छात्रावास बीना) व कर्मचारी शामिल रहे।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सहोदरी निवासी रघुवीर अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अकलबाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अकल बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रघुवीर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम परासरी निवासी विसनबाई जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजकुमार जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ध्यानपुर निवासी कैलाश जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रतिराम जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### बाइक ने साइकिल में टक्कर मारी, एक घायल, प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत नथनसिंह लोधी निवासी गहौरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बाईक चालक ने भारत माता स्कूल के पास गहोरा रोड़ पर अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी साईकिल में टक्कर मार दी जिससे उसके चेहरे पर चोटे आई हैं। बाईक का नंबर एमपी 33 जेडसी 2994 है, पुलिस ने बाईक चालक पर मामला दर्ज किया है।

## संकल्प सिद्धि यात्रा कार्यक्रम नहीं, जनता से किए वादों को धरातल पर उतारने का संकल्पः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

**महादेव घाट पर सामुदायिक भवन का विधायक ने किया भूमि पूजन**



ग्राम पंचायत पिपरासर स्थित महादेव घाट पर सामुदायिक भवन का भूमि पूजन एवं ग्राम भुट ग्राम में सीसी रोड का लोकार्पण विधायक एडवोकेट निर्मला सप्रे के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक निर्मला सप्रे ने कहा कि बीना विधानसभा में आज जितने व्यापक स्तर पर विकास कार्य हो रहे हैं, इससे पहले कभी नहीं हुए।

सड़क, भवन, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि हर वर्ग को विकास का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि संकल्प सिद्धि यात्रा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता से किए गए वादों को धरातल पर उतारने का संकल्प है। विधायक सप्रे ने बताया कि सामुदायिक भवन सामाजिक, सांस्कृतिक और जनकल्याणकारी गतिविधियों का केंद्र बनेगा, वहीं सीसी रोड के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और गांव का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि बीना विधानसभा का कोई भी गांव विकास से वंचित न रहे।


कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक निर्मला सप्रे का फूल-मालाओं से स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। कार्यक्रम में राजेंद्र यादव, पूरा राजेंद्र यादव, बलभद्र बुंदेला, सतेंद्र बुंदेला, माखन लोधी, लक्ष्मीनारायण पटेल, सतीश पटेल, अजबीर ठाकुर एवं पंचम विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## आज जाएगी अशोकनगर जैन समाज द्रव्य भेंट करने गोला कोटः राकेश कांसल

# सिर्फ क्रिया में धर्म नहीं है आपको आनंद आए तब वह पुण्य में बदल जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





दिगंबर जैन दर्शन के राष्ट्र संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने तीर्थोदय गोलाकोट में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिया में धर्म नहीं है उसमें कितना आनंद आया वहीं पुण्य है। देवता उस मन्दिर में जाते हैं जव भगवान सामने हो तो थोड़ा हंस लिया करें अपने आप को भाग्यवान मान लेना जैसे ही तुम्हारे पुण्य का उदय आयें प्रभु के चरणों में पहुंचकर भक्ति कर लिया करें हंस लिया करें।

उन्होंने कहा कि बड़े आदमी को संभालना है हंसने वाले को संभाल न है यह नरक जाने वाले हैं रावण के पास धन था बुद्धि थी शरीर निरोगी मिला धन मिले भोग विलास में लगा दिया। बुद्धि मिली उससे भगवान को कैलाश पर्वत सहित उठाकर फैंकने लगा। तुम्हें जो कुछ भी मिला है अच्छे कर्म से मिला है यह तुम्हारे लिए अपने गुरु से मिलीं है अब मेरा उपदेश नहीं मैं धनवान हूं बुद्धि मान नीरोगी है तो अच्छा कर्म का परिणाम है।

23 को जायेगी अशोकनगर जैन समाज द्रव्य भेंट करने गोला कोट जायेगा

जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल ने बताया कि तीर्थोदय तीर्थ गोलाकोट में तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में चल रहे पंचकल्याणक महामहोत्सव में तप कल्याणक 23 जनवरी को प्रातः 7:30 बजे सुभाष गंज प्रांगण से श्री दिगंबर जैन पंचायत कमेटी अशोकनगर के नेतृत्व में सभी संस्थाओं का प्रतिनिधि मंडल अपने अपने निजी वाहनों से अष्ट मंगल द्रव्य लेकर जा रहा है। इस दौरान परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ को कमेटी द्वारा श्री फल भेंट किये जायेंगे। कमेटी के उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर संजय के टी संयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघई मनोज रन्नौद श्रेयांस घैला सहित अन्य प्रमुख जनो ने सभी से अनुरोध किया है। जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने बताया कि इस दौरान महाराजा नाभी राय के दरवार का आयोजन होगा तद उपरांत आदि कुमार का राज्याभिषेक होगा। इसके साथ ही विभिन्न देशों के राजाओं द्वारा भेंट समर्पित की जायेगी तद उपरांत राज व्यवस्था अषि मषि कृषि विद्या वाणिज्य शिल्प का उपदेश दिया जाएगा। राज्य व्यवस्था के साथ कृषि क्रिया कार्य शिल्पा कला का मार्ग प्रशस्त किया जायेगा इसके बाद नीलाजंना नृत्य नीलाजना का निधन और आदि कुमार का वैराग्य जैनेश्वरी दीक्षा परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज द्वारा दी जायेगी।

### सब कुछ छोड़कर यदि जाएंगे तो आप भी सिद्ध बन सकते हैं

मुनिश्री ने कहा कि सब कुछ छोड़ कर यदि जाओगे तो आप भी सिद्ध शिला को प्राप्त कर सकते हैं जैसे तारा का समूह स्वच्छ जल में स्पष्ट दिखाई देता है वैसे ही ज्ञानी को सब कुछ स्पष्ट दिखाई देता है। यह मार्ग आनंद को देने वाला है यहां मजा नहीं आया यह मजे से आगे आनंद देने वाले हैं। इन विकल्प जालों से आगे बढ़ कर परम पद की आराधना करने का पुरूषार्थ करते रहना चाहिए। भेद विज्ञान से ही आराधना का मार्ग प्रशस्त होता है। ज्ञान दर्शन चारित्र को जान लिया शुद्ध आत्मा को जानने से हमें आगे कुछ भी नहीं बचा जिसने अपने आत्म को जान लिया भाग्यवानों के लिए है।